# बिहार विधान सभा सचिवालय

## विज्ञापन संख्या- 01/2018 एवं 02/2018 के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर भर्त्ती हेतु आयोजित होने वाली कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (C.B.T) के संबंध में आवश्यक सूचना ।

1. विज्ञापन संख्या-02/2018 के अन्तर्गत कनीय लिपिक के पद पर तथा विज्ञापन संख्या-01/2018 के अन्तर्गत (i) सहायक (ii) पुस्तकालय सहायक (iii) उर्दू सहायक (iv) शोध / संदर्भ सहायक (v) उर्दू अनुवादक (vi) अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी) एवं (vii) सहायक अवधायक के पदों पर भर्त्ती के लिये कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) क्रमशः दिनांक **12.12.2018 से 15.12.2018 तक** तथा **दिनांक 18.12.2018 से 24.12.2018 तक** पटना स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित है।
2. परीक्षा (CBT) प्रत्येक दिन तीन बैचों में (**8.30 AM to 10.30 PM, 12.00 NOON to 02.00 PM एवं 03.30 PM to 05.30 PM** तक) आयोजित की जायेगी ।
3. परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती भी की जाएगी।
4. परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 60 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचेंगे । परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरांत परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा अवधि की समाप्ति के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर जाएंगे ।
5. विज्ञापन संख्या-02/2018 के अन्तर्गत पद के लिए दिनांक-01.12.2018 से तथा विज्ञापन संख्या-01/2018 के अन्तर्गत पदों के लिए दिनांक 05.12.2018 से अभ्यर्थियों का प्रवेश-पत्र बिहार विधान सभा की बेवसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेगा । अभ्यर्थी अपना Application No. एवं Date of Birth के द्वारा प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।
   **अभ्यर्थियों को डाक से (By Post) प्रवेश-पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा ।**
6. परीक्षार्थियों को (CBT) से अवगत होने हेतु बिहार विधान सभा के बेवसाईट पर Mock Test के लिए Link पूर्व से ही उपलब्ध है । अभ्यर्थी उसमें Login ID के लिए BVSMOCK एवं Password के लिए 01.01.1999 का उपयोग कर Mock Test का अभ्यास कर सकते हैं।
7. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर मात्र प्रवेश-पत्र (Admit Card) एवं पहचान-पत्र के साथ उपस्थित होगें । तथा Admit Card पर अंकित अनुदेश का अध्ययन कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे ।
8. अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि वे परीक्षा केन्द्र पर जूता (Shoes) / उँची सैंडल पहन कर नहीं आयें। चप्पल / सामान्य सैंडल (low heals) ही पहन कर आयें ।
9. **परीक्षा केन्द्र में घड़ियाँ, पुस्तकें, पेन, कागज के टुकड़े पत्रिकाएँ, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट्स यथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हेडफोन, पेन-बटन होल कैमरा, स्कैनर, केलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा-कक्ष में अभ्यर्थी के पास पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्व कानूनी / अपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।**
10. सभी केन्द्रों पर परीक्षा CCTV की निगरानी में ली जायेगी ।
11. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी (Frisking) की प्रक्रिया से गुजरना होगा ।
12. अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज करेगें अन्यथा उन्हे अनुपस्थित माना जायेगा ।

13. अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में पेन एवं सादा कागज उपलब्ध कराया जायेगा । परीक्षा समाप्ति के उपरांत उसे वापस ले लिया जायेगा ।

14. **दृष्टिहीन या 80% से अधिक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी को CBT हेतु सभा सचिवालय के द्वारा Scribe उपलब्ध कराया जायेगा । अतः ऐसे दृष्टि बाधित अभ्यर्थी सभा सचिवालय के Email Id-secretarybvs@gmail.com पर परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पूर्व SCRIBE उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध कर सकते हैं। इस हेतु अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ PHP प्रमाण-पत्र एवं प्रवेश पत्र की प्रति संलग्न करना होगा । अनुरोध अप्राप्त रहने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर SCRIBE उपलब्ध नहीं कराया जाएगा ।**

15. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी । यदि कोई परीक्षार्थी बीक्षक / पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा-कक्ष से बाहर जाता है तो उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा ।

16. यदि परीक्षा निर्धारित समय पर आरम्भ नहीं होती है अथवा किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारणवश् बीच में बाधित हो जाती है, तो अभ्यर्थियों को परीक्षा पदाधिकारी के अनुदेशों का अनुसरण करना चाहिए । उन्हें समस्या का उपयुक्त रूप से समाधान होने तक, धैर्य पूर्वक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है ।

    जिस अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र डाउनलोड नही हो पा रहा हो वे अपना ऑनलाईन आवेदन की प्रति संलग्न कर बिहार विधान सभा Email Id- blas.recruitment@gmail.com अथवा मोबाईल संख्या-9606094761 पर संपर्क कर सकते है ।

17. प्रवेश पत्र पूर्णतः औपबंधिक है । प्रवेश पत्र निर्गत होने से अभ्यर्थी की अहर्त्ता सम्पुष्ट नहीं होती है । आपके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं दी गई सूचना तथा उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है ।

**कोई भी व्यक्ति चाहे वह सरकारी अथवा गैर सरकारी वाह्य व्यक्ति हों बिहार विधान सभा सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या-0612-2215709 तथा ई-मेलः secretarybvs@gmail.com पर सूचित करें । ऐसे किसी तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी ।**

**सचिव**

बिहार विधान सभा, पटना ।